प्रमुख कारण रेलवे कर्मचारियों की ओर से कर्त्तव्य में लापरवाही बरतना था ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा अभी तक इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) (क) रेल संरक्षा आयुक्त, दक्षिणी क्षेत्र ने 26 डाउन बेंगलूरु–तिरुवनन्तपुरम एक्सप्रेस की 8–7–1988 को हुई दुर्घटना की जांच की है ।

(ख) और (ग) उनकी प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटना रेल कर्मचारियों की गलती के कारण हुई थी ।

(घ) रेल संरक्षा आयुक्त की अंतिम जांच रिपोर्ट मिल जाने पर जिसमें उनकी सिफारिशें अंतर्विष्ट होंगी, उपयुक्त कार्रवाई की जायगी ।

चीन के साथ संबंधों में सुधार

115. **श्री जोर्जा इरशावेग** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चीन के साथ संबंध सुधारने के लिए सरकार द्वारा क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं, क्या चीन की भी ऐसी ही भावना है, यदि हां, तो किस प्रकार ; और

(ख) चीन के साथ हमारे किन-किन क्षेत्रों में मतभेद हैं, इनका समाधान किस प्रकार तथा कब तक किए जाने की संभावना है ?

विदेश मंत्री (श्री पी. वी. नरसिंह राव): (क) विचार-विमर्श, प्रतिनिधि-मंडलों को एक-दूसरे के देश में भेजना, सांस्कृतिक करार और प्रधान मंत्री की यात्रा की तैयारियां ।

स्पष्ट है कि इस सब के लिए भारत और चीन दोनों को ही प्रयास करने होंगे । चीन की सरकार ने यह भी कहा है कि वे भारत के साथ अपने संबंधों को महत्व देते हैं और यह कि चीन भारत के साथ शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धान्तों के आधार पर संबंध सुधारना और विकसित करना चाहता है ।

(ख) सीमा का सवाल । यह एक जटिल मसला है और इसके लिए कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की जा सकती । तथापि, सरकार इस मसले को शांतिपूर्ण बातचीत के जरिए सुलझाना चाहती है ।

भारत-नेपाल संधि

116. **श्री अजीत जोगी :**
श्रीमती वीणा वर्मा :
श्री कपिल वर्मा :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1950 में की गई भारत-नेपाल संधि का पूर्णतः पालन नहीं किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए है ;

(ग) क्या सरकार इस संधि की समीक्षा करने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो किन-किन आधार पर तथा इसमें कौन-कौन से संशोधन विचाराधीन है और उसके क्या कारण है ;

(घ) क्या नेपाल सरकार को भारत की भावनाओं से अवगत करा दिया गया है ; और

(ङ) भारत-नेपाल संबंधों में सुधार लाने के लिए क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

विदेश मंत्री (श्री पी. वी. नरसिंह राव) : (क) सरकार का विश्वास है कि नेपाल की सरकार इस संधि का पूरी तरह पालन नहीं करती रही है ।

(ख) और (घ) उस सरकार के साथ अलग-अलग मसलों को उठाया गया है ।

(ग) यह समीक्षाधीन है ।

(ङ) द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर बातचीत और खुलकर बातचीत की गई ।

Talks with King of Nepal

117. SHRIMATI VEENA VERMA:

SHRI KAPIL VERMA:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) what was the outcome of talks with the King of Nepal who visited Delhi recently; and

(b) whether the issue of India's security vis-a-vis import of Chinese arms by Nepal was discussed, if so, what was the King's response?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): (a) An exchange of views on matters of mutual interest.

(b) It is not expected that Nepal will use the Chinese arms to attack India.

आई.आर.एफ.सी. बन्धपत्र

118. **श्री मीर्जा इर्शादबेग :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आई० आर० एफ० सी० के अधीन कितनी धनराशि के बन्धपत्र जारी किये गए थ और वे किस अवधि के दौरान जारी किये गये थे, और

(ख) इस प्रकार संग्रहीत की गई धनराशि का आवंटन और उपयोग करने के संबंध में क्या योजना है ?

रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) (क) :

(i) 1986-87---559.3954 करोड़ रुपये

(ii) 1987--88 401.00 करोड़ रुपये

(ख) जुटायी गयी धनराशि रेलों के अनुमोदित योजना परिव्यय का हिस्सा है और यह अतिरिक्त परिव्यय नहीं है। यह रेलों की सातवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल योजनाबद्ध कार्य की मदों को वित्त पोषित करेगी ।

Accident Involving Indian Airlines Aircraft due to Bird-strikes

119. DR. (SHRIMATI) SAROJINI MAHISHI:

SHRI RAOOF VALIULLAH:

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that bird strike accidents involving Indian Airlines air craft have been rising; if so, what effective measures Government have taken for the safety of passengers;

(b) what is the number of accidents which have taken place in the last two months and what has been the estimated damage;

(c) which are the airports which have accounted for frequent bird strike accidents and whether in view of this operating procedures for landing and take off are proposed to be reviewed; and

(d) what effective measures have been taken for airport maintenance and steps to prevent bird strike accidents?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRl SHIVRAI PATIL): (a) No, Sir.

(b) There was no accident to Indian Airlines aircraft due to bird-hit. However, there were 51 bird-hit incidents from 1.8.88 to 30.9.88. The cost of damage is being ascertained.

(c) Delhi, Hyderabad and Trivandrum are prone to bird hit incidents. However, there are no bird hit accidents at these airports. Instructions exist to warn pilots of any bird activity over the airport while